कार्यालय : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल (म.प्र.)

//विविध आदेश//

क्रमांक क्यू/दो–11–3/2022 भोपाल, दिनांक 14.01.2022

मध्यप्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर चतुर्थ श्रेणी आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों, वाहन चालक/भृत्य/चौकीदार/जलवाहक, माली एवं स्वीपर(कलेक्टर रेट) प्रवर्ग की सीधी भर्ती/नियुक्ति हेतु आयोजित साक्षात्कार चयन परीक्षा दिनांक 06.01.2022 को साक्षात्कार परीक्षा आयोजित कराने के पश्चात् आगामी साक्षात्कार परीक्षा दिनांक 14, 15 एवं 16.01.2022 कोविड–19 वायरस के डेल्टा एवं ओमीक्रॉन वैरिएंट की बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत् स्थिगित किये गये थे तथा कार्यालयीन विविध आदेश क्रमांक क्यू/दो–11–3/2021–22 भोपाल, दिनांक 08.01.2022 के माध्यम से उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर को सूचना प्रेषित् की गई थी।

तत्पश्चात् शेष अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु नवीन परिवर्तित आगामी **दिनांक 28 जनवरी 2022 से 09 फरवरी 2022 तक का साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिससे संशोधित प्रपत्र ''सी'' संलग्न है।**

संलग्न ::– संशोधित प्रपत्र ''सी''

सही

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल(म0प्र0)

पृष्ठांकन क्रमांक 410/दो–11–3/2022 भोपाल, दिनांक 14.01.2022

प्रतिलिपि **(सूचनार्थ)**:–

(1) निज सचिव, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुति हेतु।

(2) माननीय रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर,

(3) प्रिंसिपल रजिस्ट्रार(परीक्षा)उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर इस कार्यालय के ज्ञापन क्रमांक 91/दो–11–3/2021–22 भोपाल दिनांक 14.01.2022 मय संशोधित प्रपत्र ''सी'' के साथ आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(4) श्री चद्रमोहन, प्रोजेक्ट मैनेजर टी.सी.एस. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(5) अध्यक्ष एवं सदस्य, चयन परीक्षा समिति की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

(6) प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, की ओर जिला न्यायालय की बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(7) कोर्ट मैनेजर/प्रशासनिक अधिकारी/जूनियर सिस्टम एनालिस्ट जिला न्यायालय भोपाल की ओर **प्रपत्र ''बी''** तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित।

(8) जिला जनसंपर्क अधिकारी, भोपाल की ओर जनसाधारण के सूचनार्थ समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल(म0प्र0)